## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सिक्स लेन पुल का भी किया निरीक्षण

# दीघा से दीदारगंज तक जेपी गंगा पथ का लोकार्पण

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को जेपी गंगा पथ पर दीघा से दीदारगंज तक की सड़क का लोकार्पण किया। इसकी लंबाई 20.5 किमी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब बिहारशरीफ, मोकामा और बेगूसराय जाने वालों को काफी राहत मिलेगी। समय की भी बचेगा। यात्रियों को पटना शहर के विभिन्न इलाकों के आवागमन में सहूलियत होगी।

सीएम ने गंगा नदी पर निर्माणाधीन छह लेन पुल के निरीक्षण के साथ ही पटना-बख्तियारपुर फोरलेन बाईपास से राघोपुर तक निर्माणाधीन कार्य का भी जायजा लिया। इसके निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया, ताकि तय समय सीमा के अंदर यह पूरा हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य बेहतर ढंग से हो, इसका विशेष ख्याल रखें। इस छह लेन पुल एवं पहुंच पथ के बनने से उत्तर बिहार के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। आवागमन सुगम होगा। इसका निर्माण दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है।

### बिहारशरीफ, मोकामा व बेगूसराय जाना आसान



कंगन घाट पर दीघा से दीदारगंज (जेपी गंगा पथ) सड़क का लोकार्पण करते सीएम नीतीश कुमार। साथ में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, मंत्री विजय चौधरी व नितिन नवीन।

### इससे पहले गायघाट से कंगन घाट तक हुआ था निर्माण

अधिकारियों ने बताया कि पटना में गंगा के दक्षिणी तट पर 3831 करोड़ से दीघा से दीदारगंज तक जेपी गंगा पथ का निर्माण चरणबद्ध तरीके से कराया है। प्रथम चरण में दीघा से पीएमसीएच तक 7.5 किमी, द्वितीय में पीएमसीएच से गायघाट तक पांच किमी तथा तृतीय चरण में गायघाट से कंगन घाट तक तीन किलोमीटर पथ का निर्माण पूरा हुआ। अब कंगन घाट से दीदारगंज तक आवागमन शुरू हो गया।

**20.5** किमी है दीघा से दीदारगंज तक सड़क की लंबाई

### पटना के विभिन्न क्षेत्रों से संपर्कता बेहतर हुई

दीघा से दीदारगंज के बीच इसकी संपर्कता अटल पथ, एलसीटी घाट, एएन सिन्हा इंस्टीट्यूट के पास गांधी मैदान, पीएमसीएच, कृष्णा घाट, गायघाट, कंगन घाट एवं पटना घाट से प्रदान की गयी है। पटना के पूर्वी तथा पश्चिमी क्षेत्रों के बीच आवागमन सुगम हो गया है। प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ के पूरब में दीदारगंज से फतुहा, बख्तियारपुर, बाढ़ होते हुए मोकामा तक तथा पश्चिम में बिहटा, कोईलवर तक विस्तारित करने की घोषणा की है, जिसका क्रियान्वयन पथ निर्माण विभाग करा रहा है।